अतः श्री शेखावत के स्थान पर मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 की धारा 11(1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं, जयश्री कियावत, कलेक्टर, जिला धार, मण्डी अधिनियम की धारा 11(1) (घ) एवं 11(5) के अनुक्रम में मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी (लोक सभा तथा विधान सभा सदस्य की मण्डी समिति में सदस्यता तथा प्रतिनिधि का नाम-निर्देशन) नियम, 2010 के अंतर्गत कृषि उपज मण्डी समिति, बदनावर के लिए एतद्द्वारा श्री ईश्वरलाल पिता श्री हीरालाल पाटीदार को प्रतिनिधि नाम-निर्दिष्ट करती हूं.

जयश्री कियावत, कलेक्टर.

कार्यालय, कुलाधिपति, राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर

राजभवन, भोपाल, दिनांक 21 अक्टूबर 2014

क्र. रा.स.-यू.ए.-5-2014-**संशोधन.**—इस सचिवालय की अधिसूचना क्रमांक 985-रा.स.-यू.ए.-5-2014, दिनांक 18 सितम्बर 2014 द्वारा राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 की धारा 27(1) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए माननीय कुलाधिपतिजी ने उक्त अधिनियम की धारा 27 की उपधारा (2) के खण्ड (तीन), (चार), (पांच) एवं (छः) के अन्तर्गत विश्वविद्यालय के प्रबंध मंडल में नामांकन किये थे. उक्त अधिसूचना में हुई टंकण त्रुटि के सुधार हेतु यह संशोधित अधिसूचना प्रसारित कर लेख है कि श्री सीताराम पाटीदार के स्थान पर श्री राम पाटीदार पढ़ा जाए.

कुलाधिपति, राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय,
ग्वालियर के आदेशानुसार,
शैलेन्द्र कियावत, राज्यपाल के उपसचिव.

श्रम विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 29 अक्टूबर 2014

क्र. एफ 14-5-2011-ए-सोलह-**संशोधन.**—राज्य शासन, एतद्द्वारा भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण उपकर नियम, 1998 के नियम 2 खण्ड (छ) के अन्तर्गत जारी अधिसूचना क्रमांक एफ 14-5-2011-ए-सोलह, दिनांक 21 मई 2013 एवं समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 4 अक्टूबर 2014 को अधिक्रमित करते हुए दिनांक 25 नवम्बर 2011 द्वारा जारी अधिसूचना को यथावत् रखा जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एम. के. वार्ष्णेय, प्रमुख सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 5 नवम्बर 2014

फा. क्र. 6(अ)-3-03-इक्कीस-ब (दो).—राज्य शासन, एतद्द्वारा उच्च न्यायालय के समक्ष मध्यप्रदेश शासन की ओर से पक्ष समर्थन करने वाले उन विधि अधिकारियों के लिये जो कि नीचे दी गई सारणी के कॉलम (2) में वर्णित है उनके नाम के सम्मुख कॉलम (3) में दर्शायी गई वर्तमान रिटेनर फीस को पुनरीक्षित कर कॉलम (4) में मासिक पारिश्रमिक (रिटेनर फीस) के रूप में आदेश जारी होने के दिनांक से नियत करता है:—

सारणी

क्र.	पदनाम	वर्तमान निश्चित मासिक पारिश्रमिक	पुनरीक्षित निश्चित मासिक पारिश्रमिक
(1)	(2)	(3)	(4)
1	महाधिवक्ता	रु. 70,000/- (रु. सत्तर हजार केवल)	रु. 80,500/- (रु. अस्सी हजार पांच सौ केवल)
2	अति. महाधिवक्ता	रु. 55,000/- (रु. पचपन हजार केवल)	रु. 63,250/- (रु. तिरेसठ हजार दो सौ पचास केवल)
3	उप महाधिवक्ता	रु. 50,000/- (रु. पचास हजार केवल)	रु. 57,500/- (रु. सत्तावन हजार पांच सौ केवल)
4	शासकीय अधिवक्ता	रु. 35,000/- (रु. पैंतीस हजार केवल)	रु. 40,250/- (रु. चालीस हजार दो सौ पचास केवल)
5	उप शासकीय अधिवक्ता.	रु. 30,000/- (रु. तीस हजार केवल)	रु. 34,500/- (रु. चौंतीस हजार पांच सौ केवल)

उक्त व्यय मांग संख्या 29-2014 न्याय प्रशासन (114) कानूनी सलाहकार और परिषद् (3428) महाधिवक्ता 01-वेतन-001-अधिकारियों के वेतन के अन्तर्गत विकलनीय होगा.

वित्त विभाग के यू.ओ. क्रमांक 992-1070-ब-8-चार-14, दिनांक 4 अक्टूबर 2014 द्वारा सहमति प्रदान की गई है. अतः यह प्रशासकीय विभाग इस आदेश को वित्त विभाग द्वारा प्रदत्त शक्तियों के तहत महालेखाकार, ग्वालियर को पृष्ठांकित करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अमिताभ मिश्र, अपर सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला मण्डला, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

मण्डला, दिनांक 5 नवम्बर 2014

क्र. 1417.—मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 (संख्या 20, 1959) की धारा 2(1) की उपधारा (य-5) में प्रदत्त शक्तियों का

प्रयोग करते हुए, एतद्द्वारा, नीचे दर्शाए अनुसूची में स्तम्भ (1) में वर्णित भूमि के भाग को स्तम्भ (2) में दर्शित नाम से तहसील नैनपुर, जिला मण्डला के अन्तर्गत राजस्व ग्राम घोषित किया जाता है:—

अनुसूची

भू-भाग का विवरण (मूल ग्राम का नाम व पटवारी हल्का नम्बर एवं इससे पृथक् किया गया क्षेत्रफल) (1)	राजस्व ग्राम का नाम एवं पटवारी हल्का नम्बर (2)
1. ग्राम-धनपुरी रैयत, पटवारी हल्का नम्बर-34 305.74 हेक्टेयर.	अमाहीटोला पटवारी हल्का नम्बर-34
2. ग्राम-पिपरिया, पटवारी हल्का नम्बर-08 273.34 हेक्टेयर.	बर्राटोला पटवारी हल्का नम्बर-08
3. ग्राम-तिन्दुआ बम्हनी, पटवारी हल्का नम्बर-03, 300.70 हेक्टेयर.	कोहका टोला पटवारी हल्का नम्बर-03,

क्र. 1418.—मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 (संख्या 20, 1959) की धारा 2(1) की उपधारा (य-5) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एतद्द्वारा, नीचे दर्शाए अनुसूची में स्तम्भ (1) में वर्णित भूमि के भाग को स्तम्भ (2) में दर्शित नाम से तहसील मण्डला, जिला मण्डला के अन्तर्गत राजस्व ग्राम घोषित किया जाता है:—

अनुसूची

भू-भाग का विवरण (मूल ग्राम का नाम व पटवारी हल्का नम्बर एवं इससे पृथक् किया गया क्षेत्रफल) (1)	राजस्व ग्राम का नाम एवं पटवारी हल्का नम्बर (2)
1. ग्राम-बढ़ार, पटवारी हल्का नम्बर-01 200.36 हेक्टेयर.	सेमीकोल पटवारी हल्का नम्बर-01

क्र. 1419.—मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 (संख्या 20, 1959) की धारा 2(1) की उपधारा (य-5) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एतद्द्वारा, नीचे दर्शाए अनुसूची में स्तम्भ (1) में वर्णित भूमि के भाग को स्तम्भ (2) में दर्शित नाम से तहसील बिछिया, जिला मण्डला के अन्तर्गत राजस्व ग्राम घोषित किया जाता है:—

अनुसूची

भू-भाग का विवरण (मूल ग्राम का नाम व पटवारी हल्का नम्बर एवं इससे पृथक् किया गया क्षेत्रफल) (1)	राजस्व ग्राम का नाम एवं पटवारी हल्का नम्बर (2)
1. ग्राम-रामनगर, पटवारी हल्का नम्बर-01 179.17 हेक्टेयर.	चिखली टोला पटवारी हल्का नम्बर-01

क्र. 1420.—मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 (संख्या 20, 1959) की धारा 2(1) की उपधारा (य-5) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एतद्द्वारा, नीचे दर्शाए अनुसूची में स्तम्भ (1) में वर्णित भूमि के भाग को स्तम्भ (2) में दर्शित नाम से तहसील घुघरी, जिला मण्डला के अन्तर्गत राजस्व ग्राम घोषित किया जाता है:—

अनुसूची

भू-भाग का विवरण (मूल ग्राम का नाम व पटवारी हल्का नम्बर एवं इससे पृथक् किया गया क्षेत्रफल) (1)	राजस्व ग्राम का नाम एवं पटवारी हल्का नम्बर (2)
1. ग्राम-चंदवारा, पटवारी हल्का नम्बर-30 191.45 हेक्टेयर.	गढ़ी पटवारी हल्का नम्बर-30

क्र. 1421.—मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 (संख्या 20, 1959) की धारा 2(1) की उपधारा (य-5) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एतद्द्वारा, नीचे दर्शाए अनुसूची में स्तम्भ (1) में वर्णित भूमि के भाग को स्तम्भ (2) में दर्शित नाम से तहसील निवास, जिला मण्डला के अन्तर्गत राजस्व ग्राम घोषित किया जाता है:—

अनुसूची

भू-भाग का विवरण (मूल ग्राम का नाम व पटवारी हल्का नम्बर एवं इससे पृथक् किया गया क्षेत्रफल) (1)	राजस्व ग्राम का नाम एवं पटवारी हल्का नम्बर (2)
1. ग्राम-भानपुर बिसौरा, पटवारी हल्का नम्बर-20 313.57 हेक्टेयर.	भानपुर टोला पटवारी हल्का नम्बर-20

2.	ग्राम-गढ़ बिसौरा, पटवारी हल्का नम्बर-20 363.87 हेक्टेयर.	खम्हरिया टोला पटवारी हल्का नम्बर-20

क्र. 1422.—मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 (संख्या 20, 1959) की धारा 2(1) की उपधारा (य-5) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एतद्द्वारा, नीचे दर्शाए अनुसूची में स्तम्भ (1) में वर्णित भूमि के भाग को स्तम्भ (2) में दर्शित नाम से तहसील नारायणगंज, जिला मण्डला के अन्तर्गत राजस्व ग्राम घोषित किया जाता है:—

अनुसूची

	भू-भाग का विवरण (मूल ग्राम का नाम व पटवारी हल्का नम्बर एवं इससे पृथक् किया गया क्षेत्रफल) (1)	राजस्व ग्राम का नाम एवं पटवारी हल्का नम्बर (2)
1.	ग्राम-कोडरा माल, पटवारी हल्का नम्बर-30 149.40 हेक्टेयर.	मंगलगंज पटवारी हल्का नम्बर-30

लोकेश कुमार जाटव, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

विभाग प्रमुखों के आदेश

कार्यालय, मुख्य अभियन्ता (विद्युत सुरक्षा) एवम् मुख्य विद्युत निरीक्षक, मध्यप्रदेश शासन

क-खण्ड, तृतीय मंजिल, सतपुड़ा भवन,
भोपाल, (म.प्र.) 462004

भोपाल, दिनांक 1 अगस्त 2014

प्रति,

मेसर्स लक्ष्मी ट्रेडिंग कम्पनी लिमिटेड
विद्युत ठेकेदार अनुज्ञप्ति क्रमांक 28/3148-ए
पुल पातरा, बरखेड़ी, भोपाल (म.प्र.)

विषय.—कुरीति करने के कारण अनुज्ञप्ति का निरस्तीकरण.

क्र. अ.मं.-कुरीति-28-3148 ए-1406-मु.अ..—आपके कुरीति प्रकरण पर अनुज्ञापन मण्डल की बैठक दिनांक 31 जुलाई 2014 में विचार विमर्श पश्चात् आपकी विद्युत ठेकेदारी अनुज्ञप्ति क्रमांक 28-3148 "अ" का निरस्तीकरण करने का निर्णय लिया गया है. अत: पत्र प्राप्ति के 15 दिन के भीतर अनुज्ञप्ति मूल रूप से इस कार्यालय में प्रेषित करें.

ए. के. दुबे,
सचिव,
म.प्र. अनुज्ञापन मण्डल (विद्युत)
भोपाल.

कार्यालय, मध्यप्रदेश माध्यस्थम अधिकरण, विन्ध्याचल भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 14 अक्टूबर 2014

क्र. 642 फा. दो-22-1-स्था.-2013.—मध्यप्रदेश माध्यस्थम अधिकरण विनियम, 1985 के विनियम-34(2) (ख) के अनुसरण में, एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश द्वारा प्रकाशित वर्ष 2014 के कलैण्डर अनुसार उच्च न्यायालय द्वारा अधिसूचित शीतकालीन विश्रामावकाश अवधि के दौरान, मध्यप्रदेश माध्यस्थम अधिकरण में दिनांक 25 दिसम्बर 2014 से 31 दिसम्बर 2014 तक एक सप्ताह की अवधि का शीतकालीन विश्रामावकाश रहेगा.

तथापि उक्त विश्रामावकाश अवधि में सार्वजनिक व सामान्य अवकाश दिवसों को छोड़कर, सामान्य कार्य दिवसों में अधिकरण का कार्यालयीन कार्य यथावत जारी रहेगा.

माननीय अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार,
एम. एस. परिहार, रजिस्ट्रार I/C

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग

"निर्वाचन भवन"
58, अरेरा हिल्स, भोपाल, मध्यप्रदेश 462 011

आदेश

भोपाल, दिनांक 30 अक्टूबर 2014

क्र. एफ. 67-123-10-तीन-165.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1956 की धारा-14-क के अनुसार महापौर के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1956 की धारा 14-ख के अनुसार महापौर पद का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य

है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगरपालिका निगम, भोपाल जिला भोपाल** के आम निर्वाचन में **श्रीमती संगीता श्रीवास्तव** महापौर पद की अभ्यर्थी थीं. इस नगरपालिक निगम के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 15 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1956 की धारा 14-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् 14 जनवरी 2010 तक, **श्रीमती संगीता श्रीवास्तव** को निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी भोपाल के पास दाखिल करना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भोपाल के पत्र (परिशिष्ट-36) दिनांक 6 मार्च 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्रीमती संगीता श्रीवास्तव** द्वारा निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित समयावधि में दाखिल किया गया, किन्तु अपूर्ण लेखा प्रस्तुत किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा अपूर्ण प्रस्तुत करने पर आयोग के पत्र दिनांक 16 अप्रैल 2010 के द्वारा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भोपाल को निर्देश दिये गये कि जिला स्तर पर अपूर्ण व्यय लेखा को पूर्ण कराया जाए. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भोपाल के प्राप्त पत्र दिनांक 14 सितम्बर 2010 के द्वारा अवगत कराया गया कि **श्रीमती संगीता श्रीवास्तव** ने अपूर्ण व्यय लेखा के संबंध में उत्तर प्रस्तुत किया है कि ''वाहन क्रमांक एम.पी. 04-टी 2842, दिनांक 30 नवम्बर 2009 से 6 दिसम्बर 2009 तक किया है, जिसकी अनुमति पार्षद प्रत्याशी के नाम लेखा दर्शाया है. पार्षद का नाम नहीं बताया न ही अनुमति की प्रति प्रस्तुत की है इसके अतिरिक्त पार्षद को प्राधिकृत करने संबंधी अभिलेख भी प्रस्तुत नहीं किया है. यदि वाहन के उपयोग की अनुमति पार्षद के नाम से भी हो तो उसके पेट्रोल का व्यय लेखा में क्यों दर्शाया है.'' **अभ्यर्थी श्रीमती संगीता श्रीवास्तव का उत्तर संतोषजनक नहीं है.**

आयोग द्वारा विचारोपरान्त अभ्यर्थी **श्रीमती संगीता श्रीवास्तव** को दिनांक 8 जुलाई 2014 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आयोग कार्यालय में बुलाया गया, किन्तु अभ्यर्थी श्रीमती संगीता श्रीवास्तव आयोग कार्यालय में उपस्थित नहीं हुई. दिनांक 8 जुलाई 2014 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचनापत्र की तामीली अभ्यर्थी को विहित समयावधि को हो चुकी थी.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि **श्रीमती संगीता श्रीवास्तव** द्वारा नियत समयावधि में पूर्ण निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया. अत: आयोग को यह समाधान हो गया है कि उनके पास अपूर्ण निर्वाचन व्यय लेखा को पूर्ण करने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अत:, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1956 की धारा 14-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्रीमती संगीता श्रीवास्तव** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर पालिक निगम, भोपाल जिला भोपाल** का पार्षद या महापौर होने के लिये इस आदेश की तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(जी. पी. श्रीवास्तव)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 30 अक्टूबर 2014

क्र. एफ. 67-123-10-तीन-166.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1956 की धारा-14-क के अनुसार महापौर के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1956 की धारा 14-ख के अनुसार महापौर पद का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगरपालिक निगम, भोपाल जिला भोपाल** के आम निर्वाचन में **डॉ. आराधाना भुवनेश्वर गर्ग** महापौर पद की अभ्यर्थी थीं. इस नगरपालिक निगम के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 15 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1956 की धारा 14-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् 14 जनवरी 2010 तक, **डॉ. आराधाना भुवनेश्वर गर्ग** को निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी भोपाल के पास दाखिल करना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भोपाल के पत्र (परिशिष्ट-36) दिनांक 6 मार्च 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **डॉ. आराधाना भुवनेश्वर गर्ग** द्वारा निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित समयावधि में दाखिल किया गया, किन्तु अपूर्ण लेखा प्रस्तुत किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा अपूर्ण प्रस्तुत करने पर आयोग के पत्र दिनांक 16 अप्रैल 2010 के द्वारा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भोपाल को निर्देश दिये गये कि जिला स्तर पर अपूर्ण व्यय लेखा को पूर्ण कराया जाए. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भोपाल के प्राप्त पत्र दिनांक 14 सितम्बर 2010 के द्वारा अवगत कराया गया कि **डॉ. आराधाना भुवनेश्वर गर्ग** ने अपूर्ण व्यय लेखा के संबंध में प्रस्तुत किया है कि ''वाहन क्रमांक 1631 एवं 1509 के उपयोग की अनुमति दिनांक 4 दिसम्बर 2009 से 9 दिसम्बर 2009 तक के लिए दी गई थी जिसके किराये की राशि रुपये 7200/- नहीं दर्शाई और बिल/व्हाउचर्स प्रमाणित नहीं किये. आयोग के निर्देशानुसार अभ्यर्थी का उक्त त्रुटियों का निराकरण करने हेतु सूचित किया गया. अभ्यर्थी **डॉ. आराधना भुवनेश्वर गर्ग** ने उत्तर प्रस्तुत किया है कि वाहन क्रमांक 1631 उनकी निजी वाहन है जिसका कोई किराया नहीं लगा. निजी वाहन के संबंध में कोई प्रमाण की प्रति भी प्रस्तुत नहीं की. निजी वाहन के किराये की राशि व्यय लेखा में सम्मिलित करने या न करने के संबंध में आयोग द्वारा निर्णय लिया जाना उचित होगा. वाहन क्रमांक 1509 के संबंध में उत्तर प्रस्तुत किया है वाहन श्री भगवानदास सबनानी द्वारा समस्त पराक्रम भोपाल पार्षद प्रत्याशियों के लिए उपयोग में लाई गई थी जिसका व्यय महापौर पद के प्रत्याशी के व्यय में नहीं लिया जाना है. **अभ्यर्थी का यह कथन सही नहीं है कि क्योंकि उक्त वाहन की अनुमति प्रचार-प्रसार के लिए अभ्यर्थी डॉ. आराधाना भुवनेश्वर गर्ग को दी गई थी जिसके किराये की राशि का व्यय लेखा में दर्शाना चाहिये था. लेखा विधि अनुरूप संधारित नहीं किया है.**''

आयोग द्वारा विचारोपरान्त अभ्यर्थी **डॉ. आराधाना भुवनेश्वर गर्ग** को दिनांक 9 सितम्बर 2014 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आयोग कार्यालय में बुलाया गया, किन्तु अभ्यर्थी **डॉ. आराधाना भुवनेश्वर गर्ग** आयोग कार्यालय में उपस्थित नहीं हुई. दिनांक 9 सितम्बर 2014 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना-पत्र की तामीली अभ्यर्थी को विहित समयावधि को हो चुकी थी.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी **डॉ. आराधाना भुवनेश्वर गर्ग** द्वारा नियत समयावधि में पूर्ण निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया. अत: आयोग को यह समाधान हो गया है कि उनके पास अपूर्ण निर्वाचन व्यय लेखा को पूर्ण करने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अत:, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1956 की धारा 14-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **डॉ. आराधाना भुवनेश्वर गर्ग** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर पालिक निगम, भोपाल जिला भोपाल** का पार्षद या महापौर होने के लिये इस आदेश की तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(जी. पी. श्रीवास्तव)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 30 अक्टूबर 2014

क्र. एफ. 67-123-10-तीन-169.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1956 की धारा-14-क के अनुसार महापौर के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1956 की धारा 14-ख के अनुसार महापौर पद का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगरपालिक निगम, भोपाल जिला भोपाल** के आम निर्वाचन में **श्रीमती पूजा लोकेश दीक्षित** महापौर पद की अभ्यर्थी थीं. इस नगरपालिक निगम के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 15 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1956 की धारा 14-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् 14 जनवरी 2010 तक, **श्रीमती पूजा लोकेश दीक्षित** को निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी भोपाल के पास दाखिल करना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भोपाल के पत्र (परिशिष्ट-36) दिनांक 6 मार्च 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्रीमती पूजा लोकेश दीक्षित** द्वारा निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित समयावधि में अपूर्ण लेखा प्रस्तुत किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा अपूर्ण प्रस्तुत करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर आयोग के पत्र दिनांक 16 अप्रैल 2010 के द्वारा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भोपाल को निर्देशित किया गया कि जिला स्तर पर अपूर्ण व्यय लेखा को पूर्ण किये जाने हेतु सूचना-पत्र जारी कर लेखों को पूर्ण करवाए. जिला स्तर पर **श्रीमती पूजा लोकेश दीक्षित** को निर्वाचन व्यय लेख पूर्ण करने हेतु सूचना पत्र जारी किया गया.

आयोग द्वारा अभ्यर्थी **श्रीमती पूजा लोकेश दीक्षित** को जिला स्तर पर जारी सूचना-पत्र की तामीली पश्चात् निर्धारित अवधि में अपूर्ण व्यय लेखा को पूर्ण किया गया कि नहीं के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भोपाल से उनका अभिमत चाहा गया. उप जिला निर्वाचन अधिकारी भोपाल से प्राप्त पत्र दिनांक 14 सितम्बर 2010 एवं 1 जनवरी 2014 में लेख किया है कि अभ्यर्थी **श्रीमती पूजा लोकेश दीक्षित** ने अपूर्ण निर्वाचन व्यय लेखों को पूर्ण नहीं किया गया.

विहित समयावधि में अपूर्ण निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर अभ्यर्थी **श्रीमती पूजा लोकेश दीक्षित** को आयोग द्वारा नोटिस दिनांक 26 जून 2014 को जारी किया गया. नोटिस में **श्रीमती पूजा लोकेश दीक्षित** से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) नोटिस के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

अभ्यर्थी **श्रीमती पूजा लोकेश दीक्षित** को नोटिस दिनांक 2 जुलाई 2014 को तामील कराया गया. अत: **श्रीमती पूजा लोकेश दीक्षित** को दिनांक 17 जुलाई 2014 तक अपना जवाब/अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. अभ्यर्थी **श्रीमती पूजा लोकेश दीक्षित** को नोटिस सूचना-पत्र की तामीली पश्चात् निर्धारित अवधि (15 दिन) में अभ्यावेदन प्रस्तुत करना चाहिए था, किन्तु अभ्यर्थी **श्रीमती पूजा लोकेश दीक्षित** द्वारा कोई अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया.

आयोग द्वारा विचारोपरान्त अभ्यर्थी **श्रीमती पूजा लोकेश दीक्षित** को दिनांक 26 सितम्बर 2014 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आयोग कार्यालय में बुलाया गया, किन्तु अभ्यर्थी श्रीमती पूजा लोकेश दीक्षित आयोग कार्यालय में उपस्थित नहीं हुई. दिनांक 26 सितम्बर 2014 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना-पत्र की तामीली अभ्यर्थी को विहित समयावधि को हो चुकी थी.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि **श्रीमती पूजा लोकेश दीक्षित** द्वारा नियत समयावधि में पूर्ण निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया. अत: आयोग को यह समाधान हो गया है कि उनके पास अपूर्ण निर्वाचन व्यय लेखा को पूर्ण करने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अत:, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1956 की धारा 14-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्रीमती पूजा लोकेश दीक्षित** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर पालिक निगम, भोपाल जिला भोपाल** का पार्षद या महापौर होने के लिये इस आदेश की तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(जी. पी. श्रीवास्तव)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 30 अक्टूबर 2014

क्र. एफ. 67-123-10-तीन-167.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1956 की धारा-14-क के अनुसार महापौर के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1956 की धारा 14-ख के अनुसार महापौर पद का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य

है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगरपालिक निगम, भोपाल जिला भोपाल** के आम निर्वाचन में **श्रीमती असमा अजहर** महापौर पद की अभ्यर्थी थीं. इस नगरपालिक निगम के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 15 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1956 की धारा 14-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् 14 जनवरी 2010 तक, **श्रीमती असमा अजहर** को निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी भोपाल के पास दाखिल करना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भोपाल के पत्र (परिशिष्ट-36) दिनांक 6 मार्च 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्रीमती असमा अजहर** द्वारा निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित समयावधि में अपूर्ण लेखा प्रस्तुत किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा अपूर्ण प्रस्तुत करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर आयोग के पत्र दिनांक 16 अप्रैल 2010 के द्वारा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भोपाल को निर्देशित किया गया कि जिला स्तर पर अपूर्ण व्यय लेखा को पूर्ण किये जाने हेतु सूचना पत्र जारी कर लेखों को पूर्ण करवाए. जिला स्तर पर **श्रीमती असमा अजहर** को निर्वाचन व्यय लेखा पूर्ण करने हेतु सूचना पत्र जारी किया गया.

आयोग द्वारा **श्रीमती असमा अजहर** को जिला स्तर पर जारी सूचना पत्र की तामीली पश्चात् निर्धारित अवधि में अपूर्ण व्यय लेखा को पूर्ण किया गया कि नहीं के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भोपाल से उनका अभिमत चाहा गया. उप जिला निर्वाचन अधिकारी भोपाल से प्राप्त पत्र दिनांक 14 सितम्बर 2010 एवं 1 जनवरी 2014 में लेख किया है कि अभ्यर्थी **श्रीमती असमा अजहर** ने अपूर्ण निर्वाचन व्यय लेखों को पूर्ण नहीं किया गया.

विहित समयावधि में अपूर्ण निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर अभ्यर्थी **श्रीमती असमा अजहर** को आयोग द्वारा नोटिस दिनांक 26 जून 2014 को जारी किया गया. नोटिस में **श्रीमती असमा अजहर** से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) नोटिस के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

अभ्यर्थी **श्रीमती असमा अजहर** को नोटिस दिनांक 6 जुलाई 2014 को तामील कराया गया. अत: **श्रीमती असमा अजहर** को दिनांक 21 जुलाई 2014 तक अपना जवाब/ अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. अभ्यर्थी **श्रीमती असमा अजहर** को नोटिस सूचना पत्र की तामीली पश्चात् निर्धारित अवधि (15 दिन) में अभ्यावेदन प्रस्तुत करना चाहिए था, किन्तु अभ्यर्थी **श्रीमती असमा अजहर** द्वारा कोई अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया.

आयोग द्वारा विचारोपरान्त अभ्यर्थी **श्रीमती असमा अजहर** को दिनांक 9 सितम्बर 2014 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आयोग कार्यालय में बुलाया गया, किन्तु अभ्यर्थी **श्रीमती असमा अजहर** आयोग कार्यालय में उपस्थित नहीं हुई. दिनांक 9 सितम्बर 2014 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना पत्र की तामीली अभ्यर्थी को विहित समयावधि को हो चुकी थी.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी **श्रीमती असमा अजहर** द्वारा नियत समयावधि में पूर्ण निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया. अत: आयोग को यह समाधान हो गया है कि उनके पास अपूर्ण निर्वाचन व्यय लेखा को पूर्ण करने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अत:, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1956 की धारा 14-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्रीमती असमा अजहर** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर पालिक निगम, भोपाल जिला भोपाल** का पार्षद या महापौर होने के लिये इस आदेश की तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(जी. पी. श्रीवास्तव)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 30 अक्टूबर 2014

क्र. एफ. 67-123-10-तीन-168.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1956 की धारा-14-क के अनुसार महापौर के निर्वाचन

में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1956 की धारा 14-ख के अनुसार महापौर पद का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगरपालिक निगम, भोपाल जिला भोपाल** के आम निर्वाचन में **श्रीमती सरोज** महापौर पद की अभ्यर्थी थीं. इस नगरपालिक निगम के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 15 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1956 की धारा 14-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् 14 जनवरी 2010 तक, **श्रीमती सरोज** को निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी भोपाल के पास दाखिल करना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भोपाल के पत्र (परिशिष्ट-36) दिनांक 6 मार्च 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्रीमती सरोज** द्वारा निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित समयावधि में अपूर्ण लेखा प्रस्तुत किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा अपूर्ण प्रस्तुत करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर आयोग के पत्र दिनांक 16 अप्रैल 2010 के द्वारा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भोपाल को निर्देशित किया गया कि जिला स्तर पर अपूर्ण व्यय लेखा को पूर्ण किये जाने हेतु सूचना-पत्र जारी कर लेखों को पूर्ण करवाए. जिला स्तर पर **श्रीमती सरोज** को निर्वाचन व्यय लेखा पूर्ण करने हेतु सूचना पत्र जारी किया गया.

आयोग द्वारा **श्रीमती सरोज** को जिला स्तर पर जारी सूचना-पत्र की तामीली पश्चात् निर्धारित अवधि में अपूर्ण व्यय लेखा को पूर्ण किया गया कि नहीं के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भोपाल से उनका अभिमत चाहा गया. उप जिला निर्वाचन अधिकारी भोपाल से प्राप्त पत्र दिनांक 14 सितम्बर 2010 एवं 1 जनवरी 2014 में लेख किया है कि अभ्यर्थी **श्रीमती सरोज** ने अपूर्ण निर्वाचन व्यय लेखों को पूर्ण नहीं किया गया.

विहित समयावधि में अपूर्ण निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर अभ्यर्थी **श्रीमती सरोज** को आयोग द्वारा नोटिस दिनांक 26 जून 2014 को जारी किया गया. नोटिस में **श्रीमती सरोज** से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) नोटिस के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

अभ्यर्थी **श्रीमती सरोज** को नोटिस दिनांक 2 जुलाई 2014 को तामील कराया गया. अत: **श्रीमती सरोज** को दिनांक 17 जुलाई 2014 तक अपना जवाब/अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. अभ्यर्थी **श्रीमती सरोज** को नोटिस सूचना पत्र की तामीली पश्चात् निर्धारित अवधि (15 दिन) में अभ्यावेदन प्रस्तुत करना चाहिए था, किन्तु अभ्यर्थी **श्रीमती सरोज** द्वारा कोई अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया.

आयोग द्वारा विचारोपरान्त अभ्यर्थी **श्रीमती सरोज** को दिनांक 9 सितम्बर 2014 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आयोग कार्यालय में बुलाया गया, किन्तु अभ्यर्थी **श्रीमती सरोज** आयोग कार्यालय में उपस्थित नहीं हुई. दिनांक 9 सितम्बर 2014 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना पत्र की तामीली अभ्यर्थी को विहित समयावधि को हो चुकी थी.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी **श्रीमती सरोज** द्वारा नियत समयावधि में पूर्ण निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया. अत: आयोग को यह समाधान हो गया है कि उनके पास अपूर्ण निर्वाचन व्यय लेखा को पूर्ण करने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अत:, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1956 की धारा 14-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्रीमती सरोज** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर पालिक निगम, भोपाल जिला भोपाल** का पार्षद या महापौर होने के लिये इस आदेश की तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(जी. पी. श्रीवास्तव)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

राज्य शासन के आदेश

राजस्व विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 12 नवम्बर 2014

(आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति)

क्र. एफ 12-2-2014-सात-2ए.—राज्य सरकार के विभिन्न विभागों/उपक्रमों को उनकी अधोसंरचना निर्माण कार्यों एवं विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिये समय-समय पर निजी भूमि की आवश्यकता पड़ती है. भू-अर्जन की प्रक्रिया में लगने वाले अतिरिक्त समय और लागत को बचाने की दृष्टि से शासकीय परियोजनाओं को निर्धारित समयावधि में क्रियान्वित करने हेतु प्रतिफल का भुगतान करके भू-धारकों की आपसी सहमति से भूमि प्राप्त की जा सकती है. अनेक अवसरों पर निजी भूमि धारक उपरोक्त प्रयोजनों के लिए अपनी भूमि राज्य शासन को विक्रय करने में रुचि रखते हैं, क्योंकि प्रस्तावित अधोसंरचना निर्माण, विकास परियोजनाओं आदि के त्वरित क्रियान्वयन से स्थानीय क्षेत्र का विकास सुनिश्चित होकर वहां के निवासियों को अनेक सामाजिक-आर्थिक लाभ प्राप्त होते हैं. साथ ही भूमि विक्रय का यह विकल्प उन्हें प्रक्रियात्मक सुगमता, समय की बचत व विक्रय मूल्य की शीघ्र प्राप्ति आदि कारणों से भी आकर्षित करता है. आपसी सहमति से राज्य शासन द्वारा भूमि धारकों से भूमि क्रय करना कई परिस्थितियों में दोनों पक्षों के साथ-साथ व्यापक लोकहित में भी लाभकारी होता है.

2. अत: संविधान की राज्य सूची के विषय क्रमांक-18 (भूमि अंतरण) की शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य शासन द्वारा सार्वजनिक हित की परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु आपसी सहमति से भूमि क्रय करने की नीति बनाए जाने का निर्णय लिया गया है. राज्य सरकार निजी भू-धारकों की आपसी सहमति से निम्नानुसार "आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति" (Consent Land Purchase Policy) जारी करती है:—

1. राज्य शासन के विभिन्न विभागों एवं उपक्रमों की अधोसंरचना और विकास परियोजनाओं के लिए भूमि की आवश्यकता होने पर सर्वप्रथम कलेक्टर उपलब्ध शासकीय भूमि में से उपयुक्त भूमि प्रशासकीय विभाग को नियमानुसार हस्तांतरण करेगा.

2. यदि इसके लिए उपयुक्त शासकीय भूमि जिले में उपलब्ध नहीं है तो प्रशासकीय विभाग/उपक्रम के आवेदन पर इस नीति के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए परियोजना अथवा उसके अंश भाग के लिए निजी भू-धारकों से आपसी सहमति के आधार पर न्यूनतम आवश्यक भूमि क्रय की जा सकेगी.

3. भू-धारक की निजी भूमि क्रय किए जाने के दिनांक को कलेक्टर द्वारा जारी की गई गाइड लाइन की तत्समय प्रभावशील दर के अनुसार संगणित भूमि के मूल्य और भूमि पर स्थित स्थावर परिसम्पत्तियों के मूल्य के बराबर राशि प्रतिफल (Consideration) के रूप में देकर क्रय की जाएगी.

4. उपरोक्त के अतिरिक्त प्रतिफल के समतुल्य राशि विक्रेता को एकमुश्त पुनर्वास अनुदान के रूप में दी जाएगी. इस प्रकार विक्रेता को निजी भूमि और उस पर स्थित स्थावर परिसम्पत्तियों के लिए दोगुनी राशि प्राप्त होगी.

5. विभाग/उपक्रम की परियोजना के लिए क्रय की जाने वाली भूमि, उस पर स्थित स्थावर परिसम्पत्तियों के मूल्य और पुनर्वास अनुदान पर देय राशि का वहन संबंधित शासकीय विभाग/उपक्रम द्वारा किया जाएगा. इसके लिए आवश्यक बजट का प्रावधान संबंधित विभाग/उपक्रम द्वारा किया जाएगा.

6. विभाग/उपक्रम सर्वप्रथम अधोसंरचना अथवा परियोजना के लिये क्रय की जाने वाली भूमि की न्यूनतम आवश्यकता का आंकलन कर निजी भू-धारक की क्रय की जाने वाली भूमि चिन्हांकित करेगा और आवश्यकतानुसार भूमि क्रय करने हेतु विभाग/उपक्रम का प्राधिकृत अधिकारी कलेक्टर को आवेदन प्रस्तुत करेगा.

7. भूमि क्रय हेतु आवेदन-पत्र में निम्न विवरण दिये जाएंगे—

(1) परियोजना का नाम तथा उद्देश्य,

(2) क्रय की जाने वाली भूमि का क्षेत्रफल,

(3) परियोजना के लिए आवश्यक बजट शीर्ष में भूमि क्रय करने के लिए धनराशि की उपलब्धता का ब्यौरा,

(4) भूमि का विवरण (खसरा क्रमांक/भू-खंड क्रमांक/नजूल शीट क्रमांक, क्षेत्रफल, ग्राम, तहसील, जिला और नक्शा),

(5) भूमि के ज्ञात/अभिलिखित धारक/धारकों के विवरण, जो उपलब्ध हो सके,

(6) तत्समय प्रभावशील गाइड लाइन की दरों के संदर्भ में भूमि का अनुमानित मूल्य,

(7) भूमि पर स्थित स्थावर परिसम्पत्तियों का विवरण और अनुमानित मूल्य,

(8) अन्य विवरण जो विभाग/उपक्रम देना चाहे.

8. (1) कलेक्टर आवेदन प्राप्त होने पर भूमि के स्वच्छ धारणाधिकार (clear title) एवं आधिपत्य के विषय में भू-अभिलेख के आधार पर तहसीलदार से प्रतिवेदन प्राप्त करेगा.

(2) कलेक्टर भूमि पर स्थित स्थावर परिसम्पत्तियों यथा-कुआं, मकान, वृक्ष आदि का मूल्यांकन संबंधित विभाग यथा-लोक निर्माण विभाग, उद्यानिकी विभाग, वन विभाग आदि के अधिकारी से कराएगा.

(3) कलेक्टर भूमि और उस पर स्थित स्थावर परिसम्पत्तियों दोनों का मूल्य जोड़कर कुल मूल्यांकन नियत करेगा.

9. विभाग/उपक्रम के आवेदन का परीक्षण करने के उपरान्त यदि कलेक्टर के द्वारा वांछित भूमि क्रय योग्य पाई जाती है तो वह भूमि क्रय करने का प्रस्ताव **प्ररूप-क** में धारक को भेजेगा, धारक को 15 दिवस की समयावधि देते हुए धारक से **प्ररूप-ख** में स्वीकृति की अपेक्षा करेगा. कलेक्टर आवश्यकतानुसार उक्त समयावधि में वृद्धि कर सकेगा.

10. कलेक्टर भू-धारक से उसकी स्वीकृति के साथ-साथ यह वचनबद्धता (undertaking) भी प्राप्त करेगा कि क्रय हेतु प्रस्तावित भूमि सभी प्रकार से उसके स्वच्छ धारणाधिकार में है और इस भूमि के विषय में किसी भी न्यायालय/प्राधिकार के समक्ष स्वत्व और आधिपत्य संबंधी कोई प्रकरण प्रचलित नहीं है और प्रस्तावित भूमि किसी प्रकार से विवादग्रस्त नहीं है. यदि भूमि पर कोई विवाद है तो उसका संक्षिप्त विवरण देगा. इसके अतिरिक्त भू-धारक यह भी जानकारी देगा कि प्रस्तावित भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त (free from all encumbrances) है. इस प्रकार का स्वीकृति पत्र भू-धारक अथवा उसके द्वारा अधिकृत अभिकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होगा.

11. (1) धारक की स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त, कलेक्टर 15 दिवस की अवधि देते हुए इस आशय की सार्वजनिक सूचना जारी करेगा कि ऐसी भूमि धारकों (पूरा नाम व पता सहित) से परियोजना के लिए राज्य सरकार के संबंधित विभाग/उपक्रम के पक्ष में क्रय किए जाने पर विचार किया जा रहा है. यदि किसी व्यक्ति को भूमि के स्वत्व के विषय में कोई आपत्ति हो तो वह नियत अवधि में आधार सहित कलेक्टर के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है.

(2) उपरोक्तानुसार जारी की जाने वाली सार्वजनिक सूचना कलेक्टर कार्यालय, उपखण्ड अधिकारी कार्यालय, तहसील कार्यालय, यथास्थिति ग्राम पंचायत या नगरीय निकाय के कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा कर प्रदर्शित की जाएगी. सार्वजनिक सूचना एक स्थानीय और एक राज्य स्तरीय दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित की जाएगी तथा जिले की वेबसाइट पर भी अपलोड की जाएगी.

12. नियत अवधि में प्राप्त आपत्तियों के आधार पर कलेक्टर यदि भूमि का खंडित धारणाधिकार (defective title) पाता है तो वह ऐसी भूमि को क्रय करने के लिए अग्रसर नहीं होगा. जारी सार्वजनिक सूचना की अवधि के अवसान तक यदि कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो कलेक्टर भू-धारक से राज्य सरकार के संबंधित विभाग/उपक्रम के पक्ष में भूमि क्रय हेतु अग्रसर होगा.

13. भू-धारक से लिखित स्वीकृति प्राप्त होने की दिनांक से एक वर्ष के भीतर कलेक्टर राज्य सरकार के विभाग/उपक्रम के पक्ष में भूमि क्रय करेगा और इसके लिए उपरोक्तानुसार निर्धारित भूमि/स्थावर परिसम्पत्तियों का मूल्य और अतिरिक्त अनुदान राशि संबंधित भू-धारक को भुगतान कराएगा.

14. भूमि की रजिस्ट्री करने के लिये देय स्टाम्प ड्यूटी, पंजीयन शुल्क व अन्य व्यय संबंधित विभाग/उपक्रम द्वारा वहन किया जाएगा.

15. इस नीति के अन्तर्गत भूमि का क्रय ''मध्यप्रदेश के राज्यपाल द्वारा कलेक्टर'' के नाम से की जाएगी.

16. क्रय विलेख के पंजीयन उपरान्त भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में मध्यप्रदेश शासन के पक्ष में किया जायेगा जिसमें संबंधित विभाग/उपक्रम का नाम भी अंकित होगा.

17. उपरोक्तानुसार भूमि क्रय के उपरान्त यदि परियोजना प्रत्याहृत (withdraw) अथवा असफल हो जाती है और इसके परिणामस्वरूप इस भूमि की आवश्यकता नहीं रह जाती है, तो क्रय की गयी भूमि संबंधित/विभाग उपक्रम द्वारा राजस्व विभाग को समर्पित कर दी जाएगी. समर्पित की गयी भूमि राजस्व विभाग द्वारा भविष्य में किसी अन्य शासकीय प्रयोजन अथवा विकास परियोजनाओं के लिए आबंटित की जा सकेगी.

18. शासन द्वारा कृषि हेतु पट्टे पर दी गई शासकीय भूमि की किसी परियोजना हेतु आवश्यकता की दशा में कलेक्टर इस नीति के अंतर्गत पट्टे की नितांत आवश्यकता का परीक्षण करेगा और स्वत्व की भूमि की भांति मूल्य तथा अनुदान की राशि की गणना कर पट्टेदार को उसके द्वारा स्वेचछा से पट्टा समर्पण करने पर समतुल्य राशि अनुदान के रूप में स्वीकृत कर सकेगा.

अनुलग्न-प्ररूप-क एवं प्ररूप-ख.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अरूण तिवारी, प्रमुख सचिव.

प्ररूप-क

कार्यालय, कलेक्टर (भू-अर्जन शाखा) जिला ..... म. प्र.

क्रमांक . . . . . दिनांक . . . . . .

भूमि क्रय का प्रस्ताव

प्रति,

1. . . . . .
2. . . . . .

विषय : राज्य शासन के विभाग/उपक्रम ..... की ..... परियोजना के लिये भूमि की आवश्यकता होने के कारण आपके धारणाधिकार की भूमि क्रय करने हेतु प्रस्ताव.

राज्य शासन के विभाग/उपक्रम ..... की ..... परियोजना के लिए आपको धारणाधिकार की भूमि की आवश्यकता होने से राज्य शासन/उपक्रम निम्न भूमि क्रय करना चाहता है:—

भूमि एवं परिसम्पत्ति का विवरण

1. भूमि का विवरण (खसरा/भू-खंड क्रमांक, क्षेत्रफल, ग्राम एवं तहसील जहां भूमि स्थित है, चतुर्सीमा सहित).
2. वर्ष . . . . के लिए कलेक्टर द्वारा जारी की गयी गाइड लाइन के आधार पर संगणित बाजार मूल्य.
3. उक्त भूमि पर स्थित स्थावर परिसम्पत्ति का विवरण-यदि कोई है
4. स्थावर सम्पत्ति का संबंधित विभाग द्वारा आंकलित मूल्य
5. कुल मूल्य (2+4)
6. कुल मूल्य के समतुल्य पुनर्वास अनुदान
7. कुल प्रस्तावित राशि (5+6)

2. उपरोक्त विवरण अनुसार आपके द्वारा धारित भूमि/भू-खण्ड और उस पर स्थित स्थावर परिसम्पत्ति का कुल बाजार मूल्य रुपये . . . . . (शब्दों में रुपये . . . . . .) होता है. यदि आप उक्त भूमि राज्य शासन/उपक्रम के पक्ष में विक्रय करने हेतु सहमत है तो प्रतिफल के रूप में आपको ऊपर दिए गये विवरण में उल्लेखित मूल्य एवं पुनर्वास अनुदान मिलाकर कुल राशि रुपये . . . . . (शब्दों में रुपये . . . . . .) दी जाना प्रस्तावित है. आपसे अपेक्षा है कि राज्य शासन के पक्ष में उक्त विवरण अनुसार भूमि/भू-खंड, उस पर स्थित स्थावर सम्पत्ति सहित विक्रय करने हेतु अपनी सहमति प्ररूप-ख में, जो कि इस प्रस्ताव के साथ संलग्न है, प्रस्ताव प्राप्ति के 15 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत करें.

3. यदि उक्तानुसार प्ररूप-ख में आपकी ओर प्रस्ताव की स्वीकृति प्रस्तुत की जाती है तो विषयांकित परियोजना के लिए राज्य शासन/उपक्रम के पक्ष में आपके धारणाधिकार की उक्त भूमि/भू-खंड उस पर स्थित स्थावर सम्पत्ति सहित क्रय की जाएगी.

4. आपकी स्वीकृति प्राप्त होने पर धारणाधिकार विषयक जांच की जाएगी और यदि भूमि/भू-खंड आपके स्वच्छ धारणाधिकार में पाया जाता है तो आपको एक वर्ष के भीतर विक्रय विलेख निष्पादित करना होगा. प्रतिफल की राशि विक्रय विलेख निष्पादन के समय आपको भुगतान की जाएगी

संलग्न : प्ररूप ख.

कलेक्टर

जिला . . . . . .

प्ररूप-ख
स्वीकृति पत्र

मैं/हम ..... पुत्र ..... आयु . . . . वर्ष स्थायी पता .....
तहसील ..... जिला ..... वर्तमान पता ..... जिला कलेक्टर .....
के पत्र क्रमांक . . . . . दिनांक . . . . . द्वारा मुझे/हमें प्राप्त मेरे धारणाधिकार की भूमि/भू-खंड जिसके विवरण नीचे अनुसूची में दिए गए हैं, को कलेक्टर के पत्रानुसार राज्य सरकार के विभाग/उपक्रम की ..... परियोजना के लिये क्रय करने हेतु प्राप्त प्रस्ताव अनुसार प्रस्ताव में उल्लेखित प्रतिफल रुपया . . . . . (शब्दों में .....) और समतुल्य पुनर्वास अनुदान रुपया . . . . . .(शब्दों में .....) लेकर राज्य सरकार के पक्ष में विक्रय करने हेतु स्वीकृति देता हूं/देते हैं.

